हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 5 अप्रैल 2025



नवरात्रि विशेष



### अष्टमी: महागौरी

महागौरी देवी भगवती का आठवां स्वरूप है । आठवें नवरात्रि को माता के महागौरी स्वरूप की आराधना का विधान है। महागौरी ही देवी शाकुंभरी, दुर्गा, त्रिनेत्री, मन्शा, चंडी और शताक्षी हैं। देवी महागौरी ने पार्वती रूप में महादेव को पति के रूप में पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इससे उनका शरीर कृष्णवर्णी हो गया। इस तपस्या से प्रसन्न होकर महादेव ने इनके शरीर पर पावन गंगाजल की धारा डाली। फौरन महामाता विद्युतप्रभा के समान कांतिमान गौरवर्ण की हो गई, तभी से इनका नाम महागौरी पड़ा। महादेव से दैवी शक्तियां हासिल करने के बाद महागौरी ने शुंभ-निशुंभ, चंड-मुंड, रक्तबीज आदि दैत्यों का संहार किया। इन्हें दुर्गा नाम भी दिया गया। महागौरी की उपमा शंख, चंद्र और कंद के फूल से की गई है। इनके समस्त वस्त्र, आभूषण आदि श्वेत है। इनकी चार भुजाएं हैं और वाहन वृषभ है। इनकी मुद्रा अत्यंत शांत है। मां की शक्ति अमोघ फल दने वाली है। माता महागौरी मनुष्य की वृत्तियों को सत और प्रेरित करके असत का विनाश करती है। गृहस्थों के लिए तो महागौरी की पूजा विशेष मंगलकारी मानी जाती है। महागौरी की आराधना का मंत्र है-

श्वेते वृषे समारूढ़ा श्वेताम्बरधरा शुचिः।
महागौरी शुभं दद्यान्महादेवप्रमोदया।।

# खबर का असर: निजी स्कूलों की जांच करने चार सदस्यीय टीम का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ हरिभूमि द्वारा 29 मार्च को प्रकाशित खबर के बाद शिक्षा विभाग अब एक्शन के मोड में आ गया है। एनसीईआरटी एवं एससीईआरटी किताबों की जगह निजी पब्लिकेशन की किताबें खरीदने का दबाव बनाने वाली खबर प्रकाशित होने के बाद इसकी एमआईसी सदस्य आलोक श्रोती द्वारा शिकायत करने के पश्चात जिला शिक्षा अधिकारी पीएस बघेल ने अब पूरे मामले की जांच करने के लिए चार सदस्यीय टीम का गठन कर दिया है। इसके साथ ही आगामी सोमवार को डीईओ शहर के सभी निजी स्कूलों के प्राचार्य की एक बैठक भी करने वाले हैं। जिसमें सभी स्कूलों को नियमों का पालन करने के निर्देश दिए जाएंगे। उल्लेखनीय है कि शहर में कई निजी स्कूल संचालक जमकर मनमानी कर रहे हैं। नियम के अनुसर एनसीईआरी या एससीईआरटी किताबों के जरिये ही पढ़ाई कराई जानी है, लेकिन स्कूल पालकों पर अपने मनपसंद पब्लिकेशन की किताब खरीदने का दबाव बनाती है। जिसके चलते हजार रुपए में आने वाली किताबों के लिए पालकों को चार से पांच हजार रुपए तक खर्च करना पड़ता है। जिसको लेकर पालकों में भी जमकर नाराजगी देखने को मिल रही है। कुछ पालक शिकायत भी कर चुके हैं।

## एमआईसी सदस्य आलोक श्रोती ने की थी शिकायत, सोमवार को डीईओ लेंगे स्कूलों की बैठक

हरिभूमि सरोकार

### कलेक्टर से हुई थी शिकायत

हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद ननि में शिक्षा विभाग के चेयरमैन आलोक श्रोती ने भी इसकी लिखित शिकायत कलेक्टर संजय अग्रवाल से की थी। जिसके बाद कलेक्टर ने ही शिक्षा विभाग को उचित कार्रवाई करने कहा था। इसमें अब जिला शिक्षा अधिकारी ने चार सदस्यीय टीम बना दी है। जिसमें श्रीमती संगीता राव, रश्मि ठाकुर, दीपक ठाकुर एवं मनोज मरकाम को रखा गया है। सप्ताहभर के भीतर जांच रिपोर्ट देने कहा गया है।


एनसीईआरटी-एससीईआरटी की जगह प्राइवेट पब्लिकेशन की किताबें खरीदने का दबाव बना रहे निजी स्कूलें, तीन गुना तक अधिक दाम देने पालक मजबूर

### सीबीएसई बोलकर पढ़ा रहे सीजी बोर्ड की किताबें

पालकों ने ऐसी भी शिकायत की है कि कुछ स्कूल सीबीएसई पैटर्न की पढ़ाई के एवज में फीस ले रहे हैं, लेकिन पढ़ाई सीजी बोर्ड की करा रहे हैं। इसका पता उन्हें तब लगा जब पिछले सत्र में 5वीं व 8वीं बोर्ड लिया गया। वहीं ड्रेस कोड, जूते के साथ ही कॉपियों को लेकर भी तय स्थान से खरीदी का दबाव बनाने की शिकायत सामने आई है।

## जल्द बड़ा खुलासा करने की कोशिश में पुलिस, जांच में जुटी टीम

# सरगना तक पहुंचने की कवायद, कई शहरों में छापे, संदिग्धों से पूछताछ जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

डोंगरगढ़ के करवारी रोड स्थित फार्म हाउस में शराब की अवैध बॉटलिंग मामले में आठ आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस की टीम इस पूरे मामले में शामिल सरगना तक पहुंचने की कोशिश में जुट गई है।

इतनी बड़ी मात्रा में शराब कैसे आई, किसने लाई जैसे सवालों के जवाब खोजने के लिए पुलिस महकमे की अलग-अलग कई टीमें काम पर लगी हुई है, जिस एमपी से शराब लाई गई थी, वहां के कुछ शहरों में भी पुलिस की टीम ने पहुंचकर छापेमार कार्रवाई की है। इसके अलावा गिरफ्तार किए गए सोनू नेताम के जरिये जिन दो लोगों के नाम सामने आए थे, उनमें शामिल दीपक हड्डी से भी पूछताछ शुरू की जा चुकी है। उसे जगदलपुर जेल से एक टीम राजनांदगांव ला रही है। यहां इस पूरे मामले में विस्तृत पूछताछ की जाएगी। इसके अलावा आबकारी की टीम भी शराब की क्वालिटी की जांच के लिए सैंपल लैब में भेज चुकी है।

उल्लेखनीय है कि इस मामले को लेकर विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने साफतौर पर कहा है कि इस मामले में जिन लोगों ⏩ शेष पेज 12 पर

### खास बातें

- कोचियों से भी पूछताछ कर रही पुलिस, कहा खप रही थी शराब, हो रही जांच


छिंदवाड़ा एवं खरगौन भी जाएगी पुलिस की टीम, किसने लाई थी शराब होगी जांच
शराब की अवैध बॉटलिंग, आठ आरोपी गिरफ्तार

### छिंदवाड़ा-भोपाल पहुंची टीम

मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की दो टीम मध्यप्रदेश भेजी गई है, जिस मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा से शराब की पेटियां डोंगरगढ़ तक पहुंची थी, उस शहर में दस्तक देकर पुलिस की टीम यह जानने में जुटी हुई है कि किसने और कैसे शराब की इतनी बड़ी खेप वहां से डोंगरगढ़ तक लाई गई। इस मामले में इनपुट के आधार पर ही टीम ने मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में भी कुछ लोगों से पूछताछ की है।

### नकली होलोग्राम की होगी जांच

पुलिस की टीम ने नकली होलोग्राम की जांच पड़ताल भी शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगा रही है कि आखिर यह कहां से प्रिंट होकर आई है। पुलिस को ऐसी आशंका है कि इस मामले में कुछ रसूखदारों की भी भूमिका हो सकती है। नकली होलोग्राम के लिए पुलिस की एक स्पेशल टीम जांच कर रही है।

**तहसील स्तरीय कर्मा जयंती 8 को :** डोंगरगढ़। मां बम्लेश्वरी देवी की नगरी में तहसील स्तरीय मां कर्मा जयंती महोत्सव 8 अप्रैल को मनाया जाएगा। मां कर्मा सामुदायिक भवन अछोली में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक हर्षिता स्वामी बघेल होंगी। अतिथि के रूप में विधायक दलेश्वर साहू, प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती उपस्थित रहेंगे।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री रोग विभाग
उपलब्ध सुविधाएं...
+ सभी उच्च जोखिम वाले गर्भधारण का प्रबंधन
+ सुरक्षित और सफल गर्भावस्था देखभाल
+ सामान्य प्रसव/दर्द रहित प्रसव और सीजेरियन जन्म
+ लैप्रोस्कोपी और कैंसर सहित गाइन सर्जरी
+ बांझपन का उपचार, + हिस्ट्रोस्कोपी
+ स्त्री रोग संबंधी सभी विकारों का उपचार
+ चिकित्सा और शल्य चिकित्सा संबंधी विकार
OPD : 1 PM to 5.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365



## खबर संक्षेप

### स्थानीय कक्षाओं की परीक्षा शुरू



**सड़क अतरिया।** सरकारी एवं निजी स्कूलों में शुक्रवार से स्थानीय कक्षा की परीक्षा शुरू हो गई है। पांचवी- आठवीं की केन्द्रितकृत परीक्षा गुरूवार को समाप्त हो गई। आठवीं के छात्रों ने गुरूवार को अंतिम पेपर दिलाया। जानकारी अनुसार उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी शुरू हो गया है। अनुमान है कि माह अंत तक परिणाम जारी हो जाएगा। स्थानीय कक्षा की परीक्षा अगले दस दिनों में पूर्ण कर मूल्यांकन शुरू कर दिया जाएगा। परीक्षाफल तैयार कर आगामी 30 अप्रैल को परिणाम घोषित होगा।

### राम जन्मोत्सव छह को



**डोंगरगढ़।** स्थानीय आंध्र समाज द्वारा केदारबाड़ी वार्ड 3 स्थित सीता रामचंद्र स्वामी आलयम में भगवान श्री राम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा। राम दरबार मंदिर में आगामी 6 अप्रैल को विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। समाज के गोविंद पी सूर्या राव, सुनील बंदारम, संतोष राव, एम नागेश, के नागेंद्र राव, बी शंकर राव, के कृष्णा राव ने बताया कि प्रातः 8 बजे भगवान श्री राम, जानकी, लक्ष्मण एवं हनुमान जी की अभिषेक पूजा होगी। अभिषेक पूजन में भक्त शामिल होंगे। यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे तक चलेगा। तत्पश्चात आंध्र समाज भवन में भंडारे का आयोजन किया गया है। आयोजन समिति ने सभी श्रद्धालुओं से इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल होने की अपील की है।


### रिटायर हुए व्याख्याता देशलहरे



**डोंगरगांव।** स्थानीय बुनियादी प्रशिक्षण संस्था के पूर्व प्रभारी प्राचार्य और व्याख्याता आरआर देशलहरे गत 31 मार्च को करीब 42 साल तक सेवा देने के बाद सेवानिवृतत हो गए। संस्थान द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर विदाई दी गई। इस मौके पर संस्थान के व्याख्यातओं और छात्र अध्यापको ने श्री देशलहरे के व्यक्तित्व और कार्य प्रणाली पर विस्तार से प्रकाश डाला। इस दौरान निवृत्तमान श्री देशलहरे ने बिताए पलों को याद करते हुए यहां मिले सेवा के अवसर उनके लिए हमेशा अविस्मरणीय रहेंगे। व्याख्याताओं ने उनकी कार्यप्रणाली और कर्तव्य के प्रति लगन पर विस्तार से बताया। इस दौरान व्याख्याता एनआर लेंझारे, पोषण साहू, देवेशकुमार जैन, कविता दुबे, लीलाधर देवांगन, सेवानिवृत्त व्याख्याता जयप्रकाश यदु सहित बड़ी संख्या में छात्र अध्यापक मौजूद थे।

### आचार्य पदारोहण दिवस आज

**डोंगरगढ़।** जैनाचार्य 108 समयसागर महाराज का प्रथम आचार्य पदारोहण दिवस कल 5



अप्रैल को चंद्रगिरी अतिशय तीर्थ क्षेत्र में 105 आर्यिका आदर्शमति माता ससंघ एवं 105 आर्यिका अपूर्वमति माता ससंघ के सानिध्य में मनाया जाएगा। प्रातः 7 बजे भगवान का अभिषेक, शांतिधारा एवं शांति विधान होगा। प्रातः 9 बजे से संत शिरोमणि 108 आचार्य विद्यासागर महाराज की नित्य पूजा समाधि स्थल में होगी। दोपहर 2 बजे से विद्या गुरु- समय गुरु की संगीतमय पूजा होगी। अपरान्ह 3 बजे से आर्यिका संघ के मंगल प्रवचन एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। चंद्रगिरी ट्रस्ट समिति ने कार्यक्रम में शामिल होने का आव्हान किया है। यह जानकारी ट्रस्ट अध्यक्ष सेठ सिंघई किशोर जैन ने दी।

### सैंकड़ों क्विंटल धान तेज धूप में सूख रहा

# सोसायटियों में धान जाम टेंशन में समिति प्रबंधक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुसरा

मोहारा सहकारी बैंक अंतर्गत आने वाली सोसायटियों में धान परिवहन की समस्या अभी तक बनी हुई है। करीब तीन माह पहल धान बंद हुई थी किन्तु अब तक धान का परिवहन नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार खुर्सीपार, मोहारा, विचारपुर और छिपा सोसायटी में कही 5 हजार तो कही 10 हजार क्विंटल धान जाम है। धान जाम होने से सोसायटी प्रबंधक परेशान है। कुछ प्रबंधको ने बताया कि धान का अब डीओ नहीं काटा गया है जिससे उनकी चिंता बढ़ गई है।



**कटघरे में प्रशासन की कार्यशैली**

समितियों में धान के जाम रहने से यह तो तय है कि प्रशासन अपने दायित्वों का निर्वहन करने में फेल रहा है। एक पखवाड़े विलंब से धान खरीदी शुरू होने के बाद अब तक पूरे धान का परिवहन नहीं हो पाया है।

**सूखत की चिंता**

धान का परिवहन नहीं होने और तेज गर्मी से धान के सूखने के बाद उपजने वाली स्थिति को लेकर भी प्रबंधक परेशान हैं। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में तापमान 40 से 42 डिग्री तक पहुंच गया है। तेज गर्मी के चलते 31 जनवरी तक खरीदे गए धान का वजन लगातार कम हो रहा है। सवाल यह है कि सूखत की भरपाई कैसे होगी? समिति प्रबंधक सूखत के नाम पर परेशान है। प्रबंधकों का कहना है कि प्रशासनिक लापरवाही का खामियाजा उन्हे भुगतना पड़ेगा। उनका कहना है कि समय पर धान का परिवहन नहीं कराने वाले अधिकारियों से भरपाई करवाना चाहिए।

## प्रसाद वितरण...



**डोंगरगढ़।** नवरात्र पंचमी को फलों से माता रानी का सिंगर किया गया था। इन फलों को आज समाज की महिलाओं ने प्रसाद के रूप में वितरित किया।

## परीक्षा केंद्र का निरीक्षण



**गंडई पंडरिया।** पीएमश्री लाल मूरत सिंह खुशरो अंग्रेजी- हिंदी माध्यम विद्यालय गंडई में कक्षा 5वीं और 8वीं की परीक्षाओं के समापन बाद केंद्रीकृत मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण किया गया। दुर्ग शिक्षा संभाग कार्यालय की टीम ने 3 अप्रैल को केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण दल का नेतृत्व कर रही सहायक संचालक रचना श्रीवास्तव ने मूल्यांकन प्रक्रिया को संतोषजनक पाया। केंद्र पर 20 मूल्यांकनकर्ता और केंद्र प्रभारी पवन कुमार ददरया, कौशल राजपूत और किशोर कुमार तिवारी, उपस्थित थे। टीम ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय धोधा और पीएमश्री लाल मूरत सिंह खुशरो अंग्रेजी- हिंदी विद्यालय गंडई में कक्षा 8वीं की परीक्षा का भी निरीक्षण किया। दोनों केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग संचालित होते पाया गया।

# जल संरक्षण पर जागरुकता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

पीएमश्री लाल मूरत सिंह खुशरो अंग्रेजी- हिंदी माध्यम विद्यालय गंडई में 17 से 22 मार्च तक वृक्षारोपण और जल संरक्षण जागरूकता सप्ताह का आयोजन किया गया। राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद रायपुर के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में अभ्यास, चिंतन, अवलोकन और मूल्यांकन के माध्यम से वैचारिक समझ और कौशल विकसित करना था। प्राचार्य पवन कुमार ददरया के मार्गदर्शन में छात्रों के लिए विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई जिसमें चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता, निबंध लेखन, मॉडल निर्माण, वृक्षारोपण और नदी-तालाबों का भ्रमण शामिल था। कार्यक्रम में कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता योगेश्वरी तारम, नंदिनी जांगड़े, जसबीर सिंह और प्रधानपाठक



मुकेश यादव ने किया। समापन पर प्राचार्य श्री ददरिया ने प्रतिभागी बच्चों को प्रमाण पत्र और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उन्होंने वृक्षारोपण और जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला। इस दौरान वीएन नागेंद्र, जेएल देवांगन, किरण वर्मा, किरण ठाकुर, स्मिता दास, देवेंद्र वासनिक, दुर्गेश सेन, शुभम सिंह, दिव्या श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे।

## सचिवों का बढ़ाया हौसला



**डोंगरगांव।** प्रांतीय आह्वान पर शासकीय करण की मांग को लेकर ब्लाक के सभी सचिव एक पखवाड़े से अधिक समय से आंदोलित है। बेमियादी हड़ताल पर डटे पंचायत सचिवों का हौसला अफजाई करने प्रदेश ग्राम पंचायत सचिव संघ के कार्यकारी अध्यक्ष महेंद्र कुमार साहू, यशवंत आडिल, नीलेश सिंह, ध्रुव कुमार, धर्मेंद्र, लालाराम वर्मा, बालाराम वर्मा यहां पहुंचे। उन्होंने सचिवों के संघर्ष की सराहना करते हुए कहा कि सभी एकजुटता के साथ हक हासिल करने तक डटे रहे क्योंकि अब यह लड़ाई मांग पूरी होने तक जारी रहेगी। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष रामदुलार साहू, योगेश साहूर पूनमचंद साहू, कोमल साहू, निलेश गुर्वे, शशिकांत, मोनिका खत्री, ज्योति, राजकुमारी, विजय साहू, डेमन साहू, विरेन्द्र साहू सहित अन्य मौजूद थे।

# बजट पर मुहर, 16 लाख के लाभ का अनुमान

## नए नल कनेक्शन लगाने पर रोक का निर्णय

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने अपना पहला बजट पेश किया। सभी पार्षदों ने बजट अपनी मुहर लगाया। बजट में विकास कार्यों को प्राथमिकता दी गई है। बताया गया कि वर्ष 2025-26 में निकाय की अनुमानित आय 55 करोड़ 63 लाख 75 हजार है जिसमे अनुमानित व्यय 55 करोड़ 48 लाख का रखा गया है। अंतिम सिलक के रूप में 15 लाख 75 हजार लाभ का बजट प्रस्तुत किया है।

बजट 6 बिन्दुओ पर आधारित है जिसमे वित्तीय वर्ष 2025-26 आय-व्यय बजट की स्वीकृति, वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्लेसमेंट श्रमिक रखने निविदा की स्वीकृति, जुगनू रात्रे पिता बिसाहु रात्रे वार्ड 9 गंडई के द्वारा मवेशी बाजार फीस



वसूली ठेका नीलामी वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु प्राप्त उच्चतम बोली राशि 4,90 लाख की स्वीकृति, मुख्यमंत्री नवीन पेंशन योजनांतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों की स्वीकृति, राष्ट्रीय परिवार सहायता योजनांतर्गत प्राप्त आवेदन पत्रों की स्वीकृति, ग्रीष्म काल में निजी एवं सार्वजनिक नल कनेक्शन पर प्रतिबंध करने का प्रस्ताव शामिल था। इन विषयों पर अध्यक्ष,पार्षदों एवं अधिकारी और कर्मचारियों से रायशुमारी के बाद बजट में शामिल किया गया। इस दौरान तय किया गया कि जल संकट को देखते हुए नए निजी एवं सार्वजनिक नल स्वीकृत न किया जाए। अति आवश्यक होने पर स्थल निरीक्षण कर ही निजी या सार्वजनिक नल दिया जाए।

### पानी की बर्बादी रोकने पर चर्चा


बजट बैठक में पानी की बर्बादी को रोकने के लिए विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने बताया कि सभी पहलुओ पर विचार कर बजट पारित किया गया है। इस दौरान उपाध्यक्ष श्यामपाल, पार्षद तामेश्वर साहू, अशोक मरार, ममता स्वर्णकार, अमन सोनी, सोनल कांति ताम्रकार, राकेश निषाद, सुमन पाटले, ईशरत अंजुम, प्रकाश पटेल, यतीश कुंजाम, मनीषा मरकाम, ,सांवत देवांगन, ननकी नारायण चतुर्वेदी, दिलीप कुमार ओगरे, सांसद प्रतिनिधि राकेश ताम्रकार, विधायक प्रतिनिधि शैलेन्द्र जायसवाल, मोहसिन खान, सीएमओ अविनाश देवांगन, किंशुक यादव, दयालु साहू, महेंद्र कश्यप सहित अन्य उपस्थित थे।

# सरकार के प्रयास से नक्सलियों की कमर टूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

- परिजनों के साथ देवी दर्शन करने पहुंचे विस अध्यक्ष
- हुआ आत्मीय स्वागत

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह ने अपनी धर्मपत्नि वीणासिंह, पुत्र अभिषेक सिंह, पुत्रवधु एश्वर्यासिंह के साथ मां बम्लेश्वरी के दरबार पहुंच कर पूजा अर्चना किया। उनके यहां पहुंचने पर रेस्ट हाउस में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया इस दौरान उन्होंने नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियो से भेंट कर हालचाल पूछा। नीचे मंदिर में माता भगवती की पूजा अर्चना कर ज्योति कलशों का दर्शन किया। ट्रस्ट समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, सचिव महेन्द्र परिहार सहित अन्य ट्रस्टियों ने डॉ. सिंह का स्वागत किया। पदाधिकारियों दर्शनार्थियों के लिए सुविधा और शहर के विकास पर मांग पत्र सौंपते हुए चर्चा की।



**नक्सल उन्मूलन अभियान की तारीफ**

इस मौके पर डां सिंह ने प्रदेश से नक्सलवाद खत्म करने के लिए केन्द्र सरकार और मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय द्वारा किए रहे प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा कि सरकार ने मात्र डेढ़ साल में किए गए वादों को पूरा कर नया अध्याय कायम किया है। वक्फ बोर्ड के नए संसोधन को राष्ट्रहित के लिए महत्वपुर्ण बताया है। उनका कहना था कि जो बिल लागू होगा उसके बाद अरबों खरबों की संपति का बंदरबाट रूकेगा और रचनात्मक कार्य को बढावा मिलेगा। इस संसोधन से गरीब तबके के लोगों को फायदा होगा। शराब के गोरखधंधे पर कहा कि पूरी गंभीरता से छानबीन कर शक्ति के साथ कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए है। इस दौरान जिला भाजपा अध्यक्ष कोमलसिंह राजपुत, भरत वर्मा, रामजी भारती, विनोद खांडेकर, हरविंदर सिंग मंगे, सुरेन्द्र सिंग बन्नोआना, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, सुनील जैन, प्रकाश चौरडिया, शशिकांत द्विवेदी, रमन डोंगरे, किरण साहू, चंद्रिका डडसेना, जस्मीत सिंग बन्नोआना, बोधीराम साहू, प्रशांत कोडपे, हीराराम वर्मा, तुलसी मिश्रा, सविता दरगड, संगीत टेम्भुरकर, ज्योति बडवाईक, बिरेन्द्र सोनी, परविंदर सिंग मोटी, प्रिंस कक्कड़, मनीष दरगड, रिंकु बसंल, सत्यप्रकाश मिश्रा, पप्पु नामदेव, सरफु खान, विशु खांडेकर, अनिल सिंन्हा, रवि यादव, रेखा राघोरते, डी एकेश राव, शारदा यादव, गीता मानिकपुरी, कैलाश सोनवानी सहित अन्य उपस्थित थे।

# जगमगा रहे विदेशी भक्तों के कलश

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

मां बम्लेश्वरी की नगरी में इन दिनों भक्ति की अविरल धारा बह रही है। नवरात्र के मौके पर देशभर के श्रद्धालु यहां पहुंचकर श्रद्धा के साथ भक्ति और देवी दर्शन कर रहे हैं। नवरात्र के मौके पर देश और विदेश के भक्तों ने मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित करवाया है। जानकारी के अनुसार इस साल यूएएस, कनाडा, कतर के कई भक्तो ने ज्योत कलश रखा है। इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमनसिंह, हरिभूमि पत्र समूह के प्रमुख संपादक पूजा हिमांशु द्विवेदी, किंमसुफ गौली कैलीफोर्निया, गिरधारी शाह यूएसए, नीति मोहित शर्मा दुबई, संजय, नीता, आयुष अनिरूध गुप्ता कनाडा, उत्कर्ष, सोमिया, मधु ठाकुर यूएसए, मधु ठाकुर यूएसए, आरती सौरभ चंदक यूएसए, ए अर्पणा, संघमेश्वर स्वामी यूएसए, साय वैष्णवी, आशुतोष मिश्रा यूएसए, मिलन प्रतीक वाघे यूएसए, शशि, वासु ध्रुव चाइना, विपिन कुमार यूएसए, अमन, अनिक आस्ट्रेलिया, सरिता बृजमोहन अग्रवाल, विनोद खांडेकर, रामजी भारती, हर्षिता स्वामी बघेल, कोमल राजपूत, विक्रम उसेंडी, भुनेश्वर बघेल, अलका उदय मुदलियार, डॉ. ऋषि बाफना आस्ट्रेलिया, आदित्य पटेल यूएसए, डमरूधर चौहान सीजीएम, विके कुमरे सहित के ज्योति स्थापित है।



### आज महाष्टमी, विसर्जन रविवार को

**सड़क अतरिया।** चैत्र नवरात्रि पर्व के तहत कल शनिवार को देवी दरबार में महाष्टमी मनाया जाएगा। सप्ताह भर से लगातार देवी



स्थलों में श्रद्धालु अपनी उपस्थिति देकर आस्था प्रकट कर रहे हैं। जस सेवा, भजन कीर्तन, जयकारा से अंचल धार्मिकता के रंग में रंगा है। सुबह से देर रात तक भक्तों का रेला मंदिरो देखने मिल रहा है। कल नर्मदा मंदिर में महाष्टमी पर सुबह 11 बजे हवन किया जाएगा। तत्पश्चात महाआरती एवं नौ कन्या भोज कराया जाएगा। इसी प्रकार घिरघोली के सिद्ध बाबा मंदिर, चोरडाधाम, पैलीमेटा स्थित अन्नपूर्णा मंदिर, बंजारी मंदिर, शीतला मंदिर आदि में शनिवार को महाष्टमी पर अनुष्ठान किया जाएगा। आगामी रविवार से ज्योति विसर्जन का सिलसिला शुरू हो जाएगा। नर्मदा मंदिर में रविवार शाम को शोभायात्रा निकाल कर कलश विसर्जन किया जाएगा।

# कंवर समाज के 5 जोड़ों का आदर्श विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

कंवर सामाज ने सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन तेलिनबांधा में किया। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव थी। अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने की। कार्यक्रम में 5 युगल शादी के बंधन में बंधे। अतिथियों का फूल माला के साथ नवयुगलों स्वागत किया। इस मौके पर श्रीमती वैष्णव ने कहा कि खर्चीली शादी गरीब व मध्यम परिवार के लिए मुसीबत बनती जा रही है जिसे देखते हुए आदिवासी समाज ने सामूहिक आदर्श विवाह का आयोजन कर एक आदर्श प्रस्तुत किया है।

जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा ने



कहा कि आदिवासी कंवर समाज ने आदर्श विवाह आयोजित कर खर्चे के बोझ से राहत पहुंचाया है। इस अवसर पर राधिका कंवर, उत्तरा निषाद, गायत्रीबाई, डूलेश्वरी चन्द्रवंशी, धर्मवीर चन्द्रवंशी, पितंबर कंवर, गोविंद कंवर, सरजू कंवर, अनिल कंवर, झाड़ू कंवर, साकिल कंवर, हरिश कंवर, रामानंद चन्द्रवंशी, देवकुमार चन्द्रवंशी, मालती कंवर, इन्द्रिया कंवर समेत अन्य उपस्थित थे।

### 6 को मटन मार्केट बंद

**राजनांदगांव।** रामनवमी के उपलक्ष्य में 6 अप्रैल को निगम क्षेत्र स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे।




# अध्यक्ष खुशरो ने किया स्कूल का निरीक्षण



**गंडई पंडरिया।** नपं अध्यक्ष लाल टारकेश्वरशाह खुशरो ने वार्ड 6 स्थित बालक पूर्व माध्यमिक शाला का गत दिनों निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि कक्षा 8वीं के बच्चों की परीक्षाएं हो चुकी है। इस दौरान मौके पर 2 शिक्षक एवं एक चपरासी उपस्थित था। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में मूलभूत सुविधाओं की कमी सामने आई। अध्यक्ष खुशरो ने बाउंड्री वॉल की आवश्यकता, बच्चों के लिए बेचों की कमी और बोर कनेक्शन को परिसर में स्थानांतरित करने की जरूरत महसूस की। श्री खुशरो ने बोर कनेक्शन में दो कनेक्शन होने पर आश्चर्य व्यक्त किया। शिक्षक रितेश जायसवाल ने बताया कि स्कूल के बोर कनेक्शन से एक निजी व्यक्ति ने कनेक्शन लिया है। निरीक्षण के दौरान ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भिन्नेश यादव, क्रांति ताम्रकार, पार्षद तामेश्वर साहु, अमन सोनी, दिलीप कुमार ओगरे, कन्हैया कुर्रे, शिक्षक रितेश जायसवाल और दयालु साहू उपस्थित थे। अध्यक्ष खुशरो ने समस्याओं पर चिंता व्यक्त करते हुए जल्द मूलभूत सुविधाओं को उपलब्ध कराने का आश्वासन

# सरपंचों ने दिया सचिवों को समर्थन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



पंचायत सचिवों की हड़ताल को 18 वें दिन सरपंच संघ ने धरना स्थल पर पहुंच कर अपना समर्थन दिया। विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने अपनी व्यथा बताते हुए कहा कि सचिवों के हड़ताल पर जाने से सभी काम ठप हो गये हैं। उन्हे केवल प्रभार मिला है। सचिवों के बिना वह कुछ नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार सचिवों की जायज मांग को पूरा नहीं करती है तो सभी सरपंच पंचायतों में ताला जड़कर हड़ताल में बैठ जाएंगे। हड़ताल को समर्थन देने वालों में कमलेश्वर वर्मा, रामेश्वर, पोषण कुमार, मोहन कंवर, रामलाल, जयसिंह कंवर, लता कोर्राम, चम्पा सिन्हा, मालती उईके, कविता धुर्वे, रीता वर्मा, बरसन नेटी, दिलीप, इन्द्रजीत साहू, इतवारी, सुरेश सहारे, दयाराम कंवर, सुखचंद चन्द्रवंशी, सुनील, बबिता, रीनूदास, उत्तरा उइके, चमेली साहू, लक्ष्मी पटेल सहित अन्य शामिल थे।

# भाजपा का स्थापना दिवस 6 को



**सड़क अतरिया।** भाजपा नर्मदा मण्डल की प्रथम बैठक शुक्रवार को खैरा नवापारा के सामुदायिक भवन में आहुत किया गया। बैठक में अगामी 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस मनाने तथा 7 से 12 अप्रैल तक सेवा सप्ताह के आयोजन पर चर्चा किया गया। पार्टी से संबंधित विभिन्न विषयों पर कार्यकर्ताओं की राय लिया गया। बैठक को जिला भाजपा उपाध्यक्ष अनिल अग्रवाल, सुधीर गोलछा, मंडल अध्यक्ष आनंद पटेल ने संबोधित किया। बैठक में प्रकाश जंघेल, अनुज साहू, डोमार सिंह भेड़िया, संतन साहू, रोशन जंघेल, अर्जुन जंघेल, केशलाल मंडावी, रमेश जंघेल, पवन पटेल, विशम्भर पटेल, सुरेन्द्र जंघेल, बालकिशन, सुरेश कुमार, राजकुमार, देवलाल साहू, जयप्रकाश मसखरे, दीना वर्मा सहित अन्य शामिल हुए।

## स्काउट गाइड ने किया सेवा कार्य



**डोंगरगढ़।** भारत स्काउट्स एण्ड गाइड्स छत्तीसगढ़ विकासखंड डोंगरगढ़ के स्काउट गाइड रोवर रेंजर एवं एनएसएस स्वयंसेवक मां बम्लेश्वरी के ऊपर मंदिर, नीचे मंदिर, नाग मंदिर, छीरपानी, रोपवे एवं अन्य जगहों पर सेवा कार्य कर रहे है। बीईओ कौर के मार्गदर्शन एवं अनुविभागीय अधिकारी के निर्देशन में जिला सचिव देवेन्द्र अम्बादे, मयूख श्रीवास्तव की देखरेख में कन्या शाला डोंगरगढ़, आत्मानंद स्कूल, भंडारपुर, सेंदरी, आम्बेडकर ओपन क्रू डोंगरगढ़, युवराज साहू, करण मेश्राम किशन निषाद आदि स्काऊट शिक्षक लेखराम वर्मा के साथ सेवा में जुटे हैं।

## अरूषि साहू केजी-1 में प्रथम

**राजनांदगांव।** गायत्री विद्यापीठ का वार्षिक परीक्षा परिणाम गत दिनों घोषित किया गया। केजी-1 की बालिका आरूषि साहू पिता सुंदर साहू नेहरू नगर राजनांदगांव ने सौ प्रतिशत अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया है। स्वतंत्रता दिवस पर आयोजित स्वतंत्रता सेनानी बनो प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया था। आरुषि के सफलता पर प्राचार्य शैलजा नायर, शिक्षिका अमिता खंडेलवाल, शिक्षकगण एवं अभिभावकों ने बधाई दी।






# पढ़ाई के लिए बेहतर है भिलाई

## Pollution Free City, No Traffic, Affordable Price Fooding & Lodging

## Online पढ़ाई Career की पूरी बर्बादी

### Computer Skill आधारित Jobs की Demand - CCTI


cct Certified Computer & Training Institute
ISO 9001:2015
अब तक 100 से ज्यादा छात्र Course करके अच्छे पदों Job कर रहे है
Tally Prime | GST
Digital Marketing
➜ Pay Roll - Data Entry
➜ Power BI ➜ MS Office
➜ Stock Market ➜ Python-JAVA
30 Days | 45 Days | 60 Days | 90 Days
120 Days | 180 Days Courses Available
New Batches Starting 8th April
Morning | Afternoon | Evening Batches
Regular & Crash Course
Summer Course
Kids, House Wife के लिए Separate Batches Available
135, 2nd Floor, New Civic Centre, Bhilai ✆ 7898109151


आज पूरे भारत वर्ष Computer Skill आधारित Jobs की Demand बहुत तेजी के साथ बढ़ रहा है। अब Degree नही Skill चाहिए, CCTI Industry के Demand के According Course संचालित करता है जो कि Professional के द्वारा Classes ली जाती है साथ में Govt. Approved Certification भी Provide किया जाता है। जिन छात्रों को Jobs कि Need होती है उन्हें Jobs Assistance भी Provide किया जाता है।

CCTI में CS-CMA **Debashish Sir** के द्वारा Stock Market की Classes ली जाती है।

**Vijay Singh Sir** - Tally Prime with GST

**Rajpreet Mam** - Python-Java-MS Office, XI & XII (I.P.)

**Prashant Pandey Sir** - Power BI

**Krishna Yadav Sir** - Digital Marketing की Classes ली जाती है।

### जब कामर्स में है सबसे बेहतर करियर तो क्यों न ले Commerce


ABS FOUNDATION
CA|CMA|CS CG No. 1 Results
CG TOPPER & AIR 139 2010-24
एक बेहतर FOUNDATION ही CAREER का बेहतर निर्माण करता है
Google Rating 4.8
Topper 2024 95.3% GEET JAIN
Topper 2023 95.2% YUSRA KHAN
Topper 2022 98% BHOOMIKA 100/100
State Topper 2020 98% Lt. NIVESH
State Topper 2019 97.5% M. SHWETA
SUJECT WISE HIGHEST SCORER
ACCOUNTS: BHOOMIKA DALAL 100/100, VISHWAJEET 99/100
ECONOMICS: NIVESH-100/100, YUKTA-99/100
MATHS: VISHAL BANSAL-100/100
B. STUDENT: KULJEET & BHOOMIKA 100/100, GEET JAIN 98/100
NEW BATCHES / REGULAR BATCHES
XII - 8th April
XI - 8th April
ADMISSION OPEN
CA | CMA | CS
Foundation/Inter/Final
Batches Starting - 8th April
Online Demo available - 8770209272
Call for Admission - 9981375446, 8827822746
141, New Civic Centre Bhilai
9981375446, 8827822746, 8770209272
absfoundation.bhilai · ABS Foundation:free learning hub · absstudiesfoundation.com


आज का समय Commerce के Study का है सभी कंपनी में Finance Management, Taxation, Accounting, Legal जैसे सर्वोच्च पदों पर CEO, CFO, CMO जैसे सारे पद CA/CMA/CS के पास है। कामर्स के सारे कोर्स कम समय व कम खर्च में Complete हो जाते है तो क्यों न ले कामर्स।

**CA – 3½ से 4 वर्ष की अवधी**
2 लाख से 2.25 लाख तक(खर्च)
8 से 18 लाख सालाना(सैलरी)

**CMA – 2½ से 3 वर्ष की अवध**
2 लाख से 2.25 लाख तक(खर्च)
7 से 18 लाख सालाना(सैलरी)

**CS – 1½ से 2½ वर्ष की अवधी**
1.5 से 2 लाख तक(खर्च)
5 से 10 लाख सालाना(सैलरी)

ये तीनो कोर्स को PG के बराबर माना जाता है
Govt. of India, UGC & MOE



**Abhishek Rai Sir**
CFA, MBA, LLB, CA
20 years experience



**CA Bhushan Sir**
M.Com, MA
20 years experience

### Management, Law Courses में है एक बेहतर Career



**Vijay Das Sir**
17 yrs. Experience

Management, Law Courses में है एक बेहतर Career Management, Law & Top Colleges में बढ़ते हुये Opportunities को देखते हुये CKC लाया है Affordable Fees में Experience & Professional Faculty के साथ तैयारी करके अपने Career का एक बेहतर निर्माण करें '

NIRF & Top Ranking Colleges को चुने -

MBA, BBA, BA, LLB, Honours में है एक बेहतर Career

बेहतर Career के लिए CKC चुने


CAREER KNOWLEDGE CENTRE
CKC Career Knowledge Center
A Premier Institute of
CAT / IPMAT / CLAT / CUET
New Batches Starting From 8th April
Early Bird Offer Available
Morning | Afternoon | Evening Batches
Demo Classes Available - 877038079
Call for Admission - 8982438651, 877038079
Class-XI Student => 2 years Class Room Program
Class-XII Student => 1 years Class Room Program
Daily Test, Weekly Test & Test serum Comprehansion Notes
Shop No. 150, New Civic Centre, Bhilai


### विगत 29 वर्षो से सरकारी नौकरी में मध्य भारत की सबसे सफलतम संस्थान-रामा कोचिंग



**Prakash Sir**
10 yrs. exp.

आज के बदलते हुय दौर में भी विगत 29 वर्षो से सरकारी नौकरी में मध्य भारत की सबसे सफलतम संस्थानों में से एक रामा कोचिंग में CGPSC, SSC, Bank, Railway, Vyapam & UPSC कि तैयारी करवाई जाती है यहां विषय विशेषज्ञों कि एक पूरी Full Time Team है जो कि सुबह 7.30 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक छात्रों को तैयारी करवाई जाती है। यहां छात्रों को पढ़ने के लिए Free Liabrary facility, Revision के लिए Recorded Classes Doubtes Solving के लिए हमेशा Faculty available रहती है। टेस्ट के द्वारा छात्रों का रेग्युलर मुल्यांकन होता है, Daily test, weekly test, monthly test & 10 से ज्यादा mock test छात्रों को available करवाया जाता है। अब तक 11050 से भी ज्यादा छात्रों का Selection सरकारी नौकरी में हो चुका है। अधिक जानकारी के लिए न्यू सिविक सेन्टर व दुर्ग पद्मनाभपुर स्थित संस्था से प्राप्त की जा सकती है।


RC RAMA COACHING
CG No. 1 Govt. Exam Preparation Centre
AIR 9th KALASH SSC GD
CG RANK 1st VISHWAS ASSISTANT MANAGER
CG RANK 7TH NITISH SHARMA ASSISTANT MANAGER
CG RANK 3RD AVINASH SAHU ASSISTANT ENGINEER
CG RANK 3rd SHUYASH KUMAR JUNIOR ENGINEER CSEB
CG RANK 9th BHAWANA SAHU JUNIOR ENGINEER CSEB
अब तक 11050 + से ज्यादा Selection
2024-25 में 100 से ज्यादा छात्रों का सरकारी नौकरी में Selection
Seperate Batch for
SSC/RLY/Bank/CGPSC/UPSC
• Comprehensive Notes & Experience & Expert Faculties
• Free Library facility • Hostel Facilities
• Daily 2 or 3 hrs. classes
Admission Open - all Courses
Morning - Afternoon - Evening Batches
135, NEW CIVIC CENTRE, BHILAI PH.:0788-4903515, Mo.:9685136889
2nd FLOOR G.K. TOWER NEAR BAFNA MANGLAM DURG ✆ 09144991263

## सार समाचार

### पंचमी पर मां महाकाली का मनोरम श्रृंगार

**राजनांदगांव।** शहर के वार्ड नंबर 01 बाबूटोला स्थित शक्तिधाम महाकाली मंदिर में चैत्र नवरात्र महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया जा रहा है।



■ छह सगी बहनों का जस जगराता कार्यक्रम आयोजित

नवरात्र के पंचमी के अवसर पर मां काली का विशेष श्रृंगार किया गया। मां काली की मनोरम श्रृंगार देखने दर्शनार्थी प्रतिदिन बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। नवरात्रि महोत्सव में छह सगी बहनों का एकता मानस परिवार कांकेतरा का जस जगराता का आयोजन किया गया। छह सगी बहनों का जस जगराता में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। भक्त देर रात तक माता के भजनों में झूमते रहे। भक्तों ने छह सगी बहनों के कार्यक्रम को खूब सराहा। वहीं शक्तिधाम के आयोजन की खूब प्रशंसा की।

### समर कैंप की शुरूआत

**राजनांदगांव।** दीपचंद चित्रकला प्रशिक्षण केन्द्र में ड्राईंग स्पेशल समर कैम्प आज से शुरू। संस्था संचालिका रीमा साहू ने बताया कि प्रतिवर्ष की तरह ग्रीष्मकालीन समय संस्था में ड्राईंग विशेष समर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। इस समर कैम्प में नर्सरी से लेकर स्कूल एवं कॉलेज के युवक-युवतियों को कला की बारीकियां सिखाई जाएगी। जिसका प्रशिक्षण अनुभवी शिक्षक दीपचंद साहू देंगे। इसके साथ संस्था में छोटे एवं बड़े बच्चों के लिए ऑइल पेस्टल, वाटर पेंटिंग, पेंसिल स्केच, पोट्रेट, ऑइल पेंटिंग, एक्रेलिक पेंटिंग, ग्रीटिंग कार्ड, कैलीग्राफी, कलर पेंसिल 3डी ड्राईंग एवं पेंटिंग की कक्षाएं भी संचालित होगी।

# महाअष्टमी पर्व आज मंदिरों में होंगे हवन-पूजन माता का किया जाएगा विशेष श्रृंगार, भंडारा भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चैत्र नवरात्र पर्व के तहत कल शनिवार 5 अप्रैल को महाअष्टमी है। इस अवसर पर जहां देवी मां की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी। वहीं हवन-पूजन का भी आयोजन किया जाएगा। जिसकी व्यापक तैयारियां की गई है।

ज्ञात हो कि शक्ति की देवी मां दुर्गा की उपासना का पर्व चैत्र नवरात्र 30 मार्च से प्रारंभ हुआ। पर्व पर अंचल के देवी मंदिरों में मनोकामना आस्था के ज्योत प्रज्जवलित किए गए हैं। मंदिरों में सुबह से लेकर देर रात तक पूजा व देवी मां के दर्शन करने हेतु बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति बन रही है। मंदिर एवं मंदिर परिसर को आकर्षक सजाया गया है। इसके साथ ही नियमित रूप से विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इधर नवरात्र पर्व पर बड़ी संख्या में भक्तों की उपस्थिति मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन एवं पूजन करने हेतु डोंगरगढ़ में बन रही है। दिन-रात भक्तों की उपस्थिति बनी हुई है। खासकर मेला स्थल में भी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति है।

देर रात तक मंदिरों में उमड़ रही भक्तों की भीड़



#### 6 को श्रीराम नवमी, कई स्थानों में आयोजन

चैत्र नवरात्र पर्व के अवसर पर मंदिरों सहित घरों में भी भक्तों ने आस्था के ज्योत कलश व जंवारा स्थापित किया है। हवन के पश्चात जस गीतों के माध्यम से जंवारा विसर्जन के लिए शोभायात्रा निकलेगी। शहर के रानीसागर में सुबह से देर रात तक जंवारा विसर्जन का सिलसिला जारी रहेगा। जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होंगे। पर्व के तहत 6 अप्रैल को श्रीराम नवमी पर्व हर्षोल्लास एवं भक्तिभाव के साथ मनाया जाएगा। श्रीराम नवमी के अवसर पर विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

#### हवन पश्चात जंवारा विसर्जन

कल 5 अप्रैल को महाअष्टमी पर्व है। इस दौरान देवी मंदिरों सहित घरों में देवी मां की विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ ही हवन-पूजन कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिसकी तैयारियां मंदिर समितियों सहित अन्य ने पूर्ण कर ली है। अष्टमी हवन के पश्चात कन्याओं को भोजन ग्रहण कराकर आशीर्वाद लिया जाएगा। इसके साथ ही जंवारा विसर्जन का सिलसिला शुरू हो जाएगा।

# किसी से सुनकर किसी को महापुरुष न माने

**राजनांदगांव।** जगद्गुरु श्री कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका धामेश्वरी देवी द्वारा स्टेट हाईस्कूल मैदान राजनांदगांव में चल रही 15 दिवसीय आध्यात्मिक प्रवचन श्रृंखला के ग्यारहवें दिन बताया कि किसी महापुरूष को पहचानने में एक बात का प्रमुख दृष्टिकोण रखना चाहिए कि किसी से सुनकर किसी को महापुरूष न माने, अपितु स्वयं देखभाल कर एवं समझकर उसे स्वीकार करना चाहिए। अपितु एवं समझकर उसे स्वीकार करना चाहिए।

महापुरूष को पहचानने में उक्त बातों का ध्यान रखना चाहिए। जिसमें किसी महापुरूष को पहचानने में उसकी बहिरंग वेशभूषा को नहीं देखना चाहिए, कोट पतलून में भी महापुरूष हो सकते हैं एवं रंगीन वस्त्रों में भी कालनेमि मिल सकते हैं। पुनः हमारे इतिहास से भी स्पष्ट है कि 90 प्रतिशत महापुरूष गृहस्थों में हुए हैं। जिनके कपड़े रंगे नहीं थे। एक बात का और दृष्टिकोण रखना चाहिए कि महापुरूष संसारी वस्तु नहीं दिया करता, यह गं भी र ता विचारणीय है। महापुरूष क्या, भगवान भी कर्म विधान के



विपरीत किसी को संसार नहीं देते। उनके भी नियम हैं। महापुरुष सिद्धियों का चमत्कार नहीं दिखाया करता। चमत्कार को नमस्कार करना ठीक नहीं, अपितु चमत्कारियों को दूर से नमस्कार करना ठीक है अन्यथा अपना लक्ष्य खो बैठोगे। महापुरूष मिथ्या आशीर्वाद नहीं देता एवं शाप भी नहीं देता। हां इतना अवश्य है कि मंगलकामना सम्पूर्ण विश्व के लिए रहती है, क्योंकि वह पूर्ण काम हो चुका है। महापुरूषों को पहचानने का प्रत्यक्ष प्रमाण यह है कि महापुरूष के दर्शन, सत्संगादि से ईश्वर में स्वाभाविक रूप से मन लगने लगता है, किन्तु वह मन लगना सबका पृथक-पृथक दर्जे का होता है।




# मोहरा बायपास से भैंस चोरी, पांच आरोपी पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के बसंतपुर थाना क्षेत्र में भैंस चोरी होने का मामला सामने आया है। भैंसों को ढूंढने में पुलिस द्वारा तत्परता नहीं दिखाए जाने को लेकर गौ सेवकों ने थाना पहुंचकर नाराजगी जाहिर की। शहर के मोहारा बायपास रोड के समीप से बीते 30 मार्च की रात 5 भैंसों के चोरी होने का मामला सामने आया था। भैंस चोरी के इस मामले में पीड़ित पशुपालक ने बसंतपुर थाना में अपने भैंसों के चोरी होने की शिकायत आवेदन दिया था। वहीं पशुपालक ने मामले की सूचना गौ-सेवकों को भी दी और गौ-सेवकों ने 5 में से तीन भैंस को पुलिस से पहले ढूंढ निकाला।

शहर के गोकुल नगर निवासी राजू यादव की भैंस 30 मार्च की रात मोहारा बायपास के पास से चोरी हो गई। पशुपालक राजू यादव ने अपनी भैंसों की काफी तलाश की, लेकिन वह नहीं मिली। इसके बाद उसे इस मामले में बसंतपुर थाना पहुंचकर भैंसों के चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज करानी चाहिए, लेकिन इस मामले में एफआईआर नहीं हो पाई। इसके बाद पीड़ित ने थाना में भैंस चोरी होने का आवेदन दे दिया, लेकिन पुलिस उसकी भैंसों को ढूंढने में नाकाम रही, तब उसने गौ सेवकों की सहायता ली। इसके बाद बजरंग दल के कार्यकर्ता और गौसेवकों ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। जिसमें दो व्यक्तियों द्वारा पांच भैंस को दो वाहनों में ले जाते देखा गया। इसके बाद इन भैंसों की तलाश में वह डोंगरगढ़ क्षेत्र पहुंचे, जहां पूछताछ करने पर उन्हें राजनांदगांव से चोरी हुए इन भैंसों की जानकारी मिली और गौसेवकों ने भैंसों के खरीददार तक पहुंचकर तीन भैंसों को बरामद कर लिया।




#### 55 हजार में खरीदे 5 भैंस

शहर के मोहरा फ्लाई ओवर के समीप से पांच भैंसों को चोरी करने के बाद आरोपियों ने इसे डोंगरगढ़ के एक व्यक्ति को 55 हजार में बेचा था। इन भैंसों को खरीदने वाले व्यक्ति के पास से तीन भैंस मिल गई है, लेकिन दो भैंस अब तक नहीं मिली है। पुलिस आरोपियों से इस मामले में पूछताछ कर रही है।

#### कड़ी कार्रवाई की मांग

बजरंग दल जिला संयोजक सुनील सेन ने बताया कि थाना में शिकायत करने के बाद भी कार्रवाई नहीं हुई। हमने अपने सोर्स से पड़ताल की तो भैंसों को डोंगरगढ़ ले जाए जाने की जानकारी मिली, जहां हमें तीन भैंस मिले और दो भैंस लापता है। उन्होंने कहा कि ये आरोपी हर बार गौवंश की चोरी करते हैं, इन पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

#### दो चोर, दो वाहन चालक और एक खरीददर पहुंचा थाना

भैंस चोरी के मामले में बसंतपुर पुलिस ने 5 भैंस की चोरी कर डोंगरगढ़ क्षेत्र में बेचने वाले कन्हारपुरी और डबरीपारा निवासी दो व्यक्तियों एवं भैंस खरीदी करने वाले डोंगरगढ़ निवासी एक व्यक्ति और 2 वाहन चालकों को पकड़ा है। जिनसे पूछताछ की जा रही है।

# हिरासत में मौत, सोनकर समाज ने की न्यायिक जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के समीप ग्राम पंचायत भंवरमरा निवासी दुर्गेन्द्र सोनकर की बीते दिनों धमतरी जिले में पुलिस कस्टडी में मौत के मामले को लेकर छत्तीसगढ़ सेन समाज द्वारा आज कलेक्टर के नाम ज्ञापन देकर इस मामले में न्यायिक जांच की मांग की गई है।

भंवरमरा निवासी मृतक दुर्गेन्द्र कठोलिया के परिजनों को उचित न्याय प्रदान कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग करते सेन समाज द्वारा अपने ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि दुर्गेन्द्र को पुलिस थाना अर्जुनी जिला धमतरी में ले जाया गया था, जहां पुलिस कस्टडी में संदिग्ध परिस्थिति में उसे मृत पाया गया।

इस मामले में संदेह है कि पुलिस कस्टडी में पुलिस वालों द्वारा पीट-पीट कर उसकी बेरहमी से हत्या की गई है। जिसकी न्यायिक जांच होना आवश्यक है।

#### आंदोलन की चेतावनी

इस मामले में सोनकर समाज के प्रदेश महामंत्री चेतन सोनकर ने कहा कि दुर्गेंद्र की पुलिस हिरासत में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई है। उनके शरीर पर काफी चोंट के निशान मिले हैं। उनकी पिटाई कर हत्या की गई है। इस मामले में सोनकर समाज न्यायिक जांच की मांग कर रहा है और जांच नहीं होने पर सोनकर समाज द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा।

#### परिजनों को न्याय दिलाने की मांग

सोनकर समाज ने मृतक दुर्गेन्द्र के दोषियों पर कार्रवाई करते उनके परिजनों को उचित न्याय दिलाने की मांग प्रदेश के मुख्यमंत्री सहित विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह से की है।

# दिग्विजय स्टेडियम में 7 से क्रिकेट मैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छग स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा संचालित अंतर जिला क्रिकेट प्रतियोगिता सीनियर ग्रुप के लीग मैच यहां संपन्न हुए। लीग मैचों में प्रदर्शन अनुसार भिलाई क्रिकेट एसोसिएशन एवं रायपुर जिला क्रिकेट एसोसिएशन की टीमें चैम्पियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंच गई है। इन दोनों ही टीमों के मध्य सेमीफाइनल मैच स्थानीय दिग्विजय स्टेडियम में 7 अप्रैल से चार दिवसीय खेला जाएगा। दूसरा सेमीफाइनल मैच भिलाई के मैदान में रायपुर ब्लू एवं बिलासपुर क्रिकेट एसोसिएशन के मध्य खेला जाएगा।



टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बिलासपुर ब्लू की टीम 157 रन पर ही ऑल आउट हो गई। भिलाई की टीम के बल्लेबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते भिलाई के तीन बल्लेबाजों ने शतक बनाकर अपनी टीम को जीत की दहलीज पर लाकर खड़ा कर दिया। पहली पारी में मिली बढ़त के कारण भिलाई की टीम को पूरे तीन अंक प्राप्त हुए। वहीं बिलासपुर के खाते में मात्र एक अंक ही आ पाए। इस मैच में छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ से नियुक्त किए गए ऑब्जर्वर अजय तिवारी ( दुर्ग) एवं सीनियर चयनकर्ता साईकुमार ने लगातार चारों दिन इस मैच का बारीकी से निरीक्षण किया। उक्त जानकारी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने दी है।

#### सरगना तक पहुंचने...

की भी संलिप्तता पाई जाएगी, उन सभी के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जाएगा। यही कारण है कि पुलिस के साथ ही आबकारी महकमे पर भी ठोस कार्रवाई का दबाव बढ़ गया है। पुलिस जहां आरोपियों तक पहुंचने की कवायद में जुटी हुई है। वहीं आबकारी की टीम शराब की क्वालिटी से लेकर होलोग्राम और स्टीकर की छपाई को लेकर जांच कर रही है।

**आबकारी को दो सौ रुपए पेटी दे रहे थे कोचिये-** सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस की जांच के दौरान कुछ शराब कोचियों ने यह बात स्वीकारी है कि उनके द्वारा प्रति पेटी शराब के लिए दो सौ रुपए की कीमत आबकारी विभाग को दी जा रही थी। कोचियों ने इस मामले में आबकारी विभाग के कुछ कर्मचारियों के नाम भी बताए हैं। हालांकि पुलिस इस मामले में फिलहाल जांच पूरी होने तक कुछ भी बताने से बचती नजर आ रही है।


# सप्तमी पर भंडारा प्रसादी का वितरण

**राजनांदगांव।** शहर के विधि डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा चैत्र नवरात्रि के सप्तमी पर भंडारा प्रसादी वितरण का आयोजन किया गया। इस आयोजन में सैकड़ों श्रद्धाओं ने भंडारा प्रसादी ग्रहण किया। शहर की मां पाताल भैरवी मंदिर के समीप संचालित विधि डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा प्रतिवर्ष चैत्र और क्वांर नवरात्रि के अवसर पर भंडारा प्रसादी वितरण का आयोजन किया जाता है। सप्तमी तिथि पर आयोजित भंडारा में सैकड़ों की संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने भंडारा स्वरूप प्रसादी ग्रहण किया।



**आठ वर्षों से आयोजन** विधि डायग्नोस्टिक सेंटर के सुबोध अग्रहरि ने बताया कि विगत 8 वर्षों से यहां सप्तमी में चैत्र और क्वांर नवरात्रि में विधि डायग्नोस्टिक परिवार द्वारा भंडारा का आयोजन किया जाता है।









## खबर संक्षेप



### राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षक सुधाराम साहू को दी गई भावभीनी विदाई

**हरिभूमि कुण्डा।** शासकीय हाई स्कूल बसनी में कार्यरत शिक्षक सुधाराम साहू 31 मार्च को सेवा निवृत्ति होने पर 2 अप्रैल को भावभीनी विदाई एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिस पर शिक्षक सुधाराम साहू को सेवा अवधि में निष्कलंकित रहे राज्यपाल द्वारा पुरस्कृत होने पर शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष विकास पांडेय एवं शाला कार्य प्रभारी प्राचार्य ओमप्रकाश पांडेय, गणित व्याख्याता भगतराम यादव, विज्ञान व्याख्याता राजूराम साहू, प्रधान पाठक अशोक साहू एवं माध्यमिक विद्यालय प्रधान पाठक बलदाऊ प्रसाद चंद्राकर, शिक्षक कौशिक कुमार साहू, कुलदीप पवार एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए विदाई दी गई।

### मां सिंहवाहिनी मंदिर में भंडारा व बेल शरबत वितरण आज



**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा का सबसे प्राचीन मंदिर मां सिंहवाहिनी मंदिर में प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी भंडारा व बेल शरबत का आयोजन देवांगन पारा स्थित मां सिंहवाहिनी मंदिर परिषर में आयोजन किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार मां सिंहवाहिनी सभी बहनों में बड़ी बहन के रूप में जाना जाता है चैत्र व क्वांर दोनो नवरात्र में ज्योत-ज्वारा कलश प्रज्जवलित कर भक्तजन माता का आराधना व पूजा कर सेवा भक्ति में डूबे रहते है। वहीं नवरात्रि के अष्टमी के दिन हवन के बाद आयोजको द्वारा माता का प्रसाद के साथ बेल शरबत का वितरण किया जाएगा।

# वार्डवासियों की मांग पूरी, कैलाश सरोवर व बावा तालाब की हो रही सफाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के निर्देशानुसार शहर के तालाबों का साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है जलकुंभी से तालाब पट चुका है जिससे निस्तारी की समस्या उत्पन्न हो रहा है जिसे दृष्टिगत रखते हुए साफ-सफाई कराया जा रहा है। ताकि वहां के रहवासियों को समस्याओं से जूझना ना पड़े। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी तालाबों में चल रहे साफ-सफाई का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश भी दिए। नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने बताया कि तालाबों का साफ-सफाई कराया जाना आवश्यक है कवर्धा के सभी प्राचीन तालाब ही हमारा धरोहर है जिसे सुरक्षित किया जाना है। तालाबों में जलकुंभी आ गए है तथा वार्डवासियों ने परेशानियों से अवगत कराया गया था जिसे ध्यान मे रखते हुए तालाबें से जलकुंभी को निकाला जा रहा है जिससे न केवल शहर के तालाबों की सफाई हो रही है, बल्कि जल संरक्षण और पर्यावरण की सुरक्षा में भी मदद मिल रही है। जलकुंभी का अधिक होना तालाबों में जलस्तर को प्रभावित करता है और निस्तारी की समस्या उत्पन्न करता है, जिससे लोगों को पानी की कमी के साथ सुख-दुख जैसे कार्यक्रमों के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ता है इस कार्य से तालाबों की साफ-सफाई से पानी का स्तर सुधरेगा, साथ ही पर्यावरण को भी लाभ मिलेगा और वार्डवासियों को निस्तारी पानी की समस्या से निजात मिलेगी। निरीक्षण के दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष पवन जायसवाल, पार्षद रिंकेश वैष्णव ,बिहारी राम धुर्वे, अजय ठाकुर, योगेश चंद्रवंशी, दीपक सिन्हा उपस्थित थे।

### वार्डवासियों को निस्तारी व पानी की समस्या से निजात मिलेगी



वार्ड क्रं. 03 स्थित कैलाश नगर तालाब में वार्ड क्रं 03 के साथ वार्ड क्रं. 02, 04, 07 एवं वार्ड क्रं. 08 तथा वार्ड क्रं. 11 स्थित बावा तालाब में वार्ड क्रं. 09, 11 एवं वार्ड क्रं. 12 के रहवासियों द्वारा निस्तारी किया जा रहा था लेकिन कुछ वर्षो से उक्त दोनो तालाब में जलकुंभी हो गया था जिसे हटाये जाने हेतु वार्डवासियों द्वारा लंबे समय से प्रयासरत थे जिसका निराकरण अब नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद कवर्धा द्वारा किया जा रहा है दोनो तालाब में जलकुंभी हो जाने से वार्डवासियों को निस्तारी के लिए काफी परेशान होना पड़ता था अब सफाई हो जाने से निस्तारी की समस्या नही होगी।

## अष्टभुजी मां महामाया की यह प्रतिमा दुर्लभ है, इसकी ख्याति दूर-दूर तक फैली

# मां महामाया अपने भक्तों का 350 वर्षों से कर रही कल्याणः आदित्य श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ⏭ पाण्डातराई

जिले के नगर पंचायत पाण्डातराई स्थित सनातन हिंदू धर्म का एक पावन स्थल है, यहां के निवासी धर्म निष्ठ, सनातनी स्वभाव से ही हिंदू धर्म से संस्कारित हैं। यहां की मां महामाया अनेक दृष्टि से विशिष्टता लिए हुए है। यहां के पुजारी पं प्रमोद कुमार तिवारी ने बताया कि उनके पूर्वज पं कन्हैया लाल पाठक, पं जीवन लाल पाठक के वंश के वे चौथी पीढ़ी के पुजारी हैं। उन्होंने बताया कि पूर्वजो ने जानकारी दी थी कि यह स्वयंभू मां महामाया हैं, जिन्होंने नगर पंचायत पाण्डातराई के झुकता गुप्ता नामक व्यक्ति को स्वप्न दिया कि मैं मां महामाया देवी यहां तुम तालाब का निर्माण कराओ मैं उसी स्थल पर तुम्हे दर्शन दूंगी। जब गुप्ता ने तालाब खुदाई कराया तो यह दिव्य मूर्ति निकली तब उन्होंने इसे गाड़ी में भरकर पचराही ले जा रहे थे, तो यहीं पर आकर गाड़ी का चक्का टूट गया, जिससे एक चबूतरा बनाकर माता की मूर्ति को उस पर स्थापित कर खपरे का छप्पर तैयार करा दिया उस समय यहां पर सात इमली के वृक्ष थे, जिन्हे सतबहनिया कहा जाता था। अनेक वर्षों के पश्चात मां ने इसी वंश के संतराम गुप्ता को स्वप्न दिया कि मेरा मंदिर निर्माण करो तो उनकी माता श्रीमती कचरा बाई बानी द्वारा सन 1977 में वर्तमान मंदिर का निर्माण कराया।

प्राचीन इतिहासकार आदित्य श्रीवास्तव ने बताया कि पूर्वाभिमुख इस भव्य मंदिर में दीवारों पर 36 मोड़ युक्त दीवार हैं। मंदिर में पूर्व, उत्तर तथा दक्षिण तीन द्वार हैं। मुख्य प्रवेश द्वार में दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर है बाद में अंतराल और अर्ध मंडप तथा गर्भ गृह है जहां जगत जननी मां महामाया का लगभग चार फीट की दिव्य प्रतिमा स्थापित है। मां महामाया अष्टभुजी हैं, जिनके दाहिने हाथ में कलश, दूसरे हाथ में शंख, तीसरे हाथ खड्ग और चौथा हाथ आशीर्वाद मुद्रा में है जबकि बाएं हाथ में त्रिशूल, चक्र, पाश तथा वरद मुद्रा है, युगल शेर की सवारी है। उन्होने बताया कि जीवन लाल पाठक के पूजा काल में एक बार लगातार माता की आंखों से अश्रु निकलने लगा तो उन्होंने ग्रामवासियों से मिलकर शतचंडी यज्ञ कराया तब अश्रु निकलना बंद हुआ था। प्रारंभ में केवल एक ही ज्योति कलश क्वांर नवरात्रि में प्रज्जवलित की जाती थी बाद में मां की महिमा को देखते हुए आज वह संख्या 682 मनोकामना ज्योति कलश तक पहुंच गई है।

### दूर-दराज से मनोकामना पूर्ति के लिए पहुंचते हैं भक्तजन





इतिहासकार श्री श्रीवास्तव ने बताया कि माता के भुवन के चारों ओर मंदिर निर्माण हुआ है, जिसमें श्री गणेश मंदिर का निर्माण रघुनंदन गुप्ता द्वारा कराया गया वहीं नवग्रह मंदिर दिनेश गुप्ता, मां लक्ष्मी माता मंदिर विजय गजपाल गुप्ता द्वारा कराया गया है, जबकि शिव मंदिर पहले से निर्मित था उसे सौंदर्यीकृत किया गया है। भैरव देव की प्रतिमा को वृक्ष के नीचे से लाकर स्थापित कराया गया है। गर्भ गृह में पुजारी के अतिरिक्त केवल अर्जुन गुप्ता, चंद्रकुमार गुप्ता के परिवार को उनकी कुलदेवी होने के कारण प्रवेश दिया जाता है। मां महामाया की चार बार आरती होती है। प्रातः 7 बजे, दोपहर भोग आरती, संध्या आरती 7 बजे और रात्रि में शयन आरती होती है। अष्टभुजी मां महामाया की यह प्रतिमा दुर्लभ है। आज इसकी ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है तथा इसकी महिमा के अनेकों किस्से भक्तजन बताते रहते हैं। अष्टमी को यहां विशेष मंत्रोच्चार तथा स्वस्तिवाचन के साथ अविस्मरणीय दृश्य होता है, प्रतिदिन की संध्या आरती भी दर्शनीय रहती है।

# पंच कुण्डीय महायज्ञ में उमड़ रही भक्तों की भीड़



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

ग्राम खम्हरिया में देवी-देवताओं एवं संत-महात्माओं तथा ग्रामीणों के सहयोग से पंच कुण्डीय विश्व शांति श्री अश्वमेध महायज्ञ एवं संगीतमय श्रीराम कथा का भव्य आयोजन 11 दिवसीय महायज्ञ 30 मार्च से 9 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है। जिसमें ग्राम खम्हरियां व आसपास के धर्म-प्रेमी व भक्तजनों में भारी भक्तिमय का माहौल तथा हजारों की संख्या में प्रतिदिन ग्रामीण व श्रद्धालु गण पंच कुण्डीय श्री अश्वमेध महायज्ञ व श्रीराम कथा स्थल पहुंचकर यज्ञ में परिक्रमा तथा कथा श्रवण पान कर अपने जीवन को कृतार्थ कर रहे है। इस 11 दिवयीय श्रीराम ज्ञान यज्ञ कथा वाचक आचार्य पं पुष्पेंद्र त्रिपाठी काशीपुरी बनारस, आचार्य पं मनोज शर्मा, स्वामी प्रेमानंद महाराज उज्जैन, स्वामी महंत रामानंद बाबू महाराज गुजरात, सच्चिदानंद गिरी चित्रकूट, बाल योगी नागा वाराणसी उत्तर प्रदेश, पं वीरेंद्र शास्त्री महाराज, पं सिया शरण शास्त्री महाराज, पं बालमीम शास्त्री महाराज, पं अंकित शास्त्री महाराज, पं संजय शास्त्री महाराज, पं सदानंद आचार्य द्वारा श्रीराम महायज्ञ का रसपान कराया जा रहा है। वहीं मुख्य मुख्य यजमान श्रीमती गुडन राजकुमार चंद्राकर विराजमान है। साथ ही साथ 11 दिवसीय पंच कुण्डीय श्री अश्वमेध महायज्ञ व श्रीराम कथा के आयोजन से ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों में भारी भक्तिमय का वातारण बना हुआ है।

## रामनवमी, महावीर जयंती व बैसाखी पर भव्य निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 6 अप्रैल को

कवर्धा जंक्शन ग्रुप

**हरिभूमि कवर्धा।** कवर्धा जंक्शन ग्रुप के सौजन्य से 6 अप्रैल को शंकरा निलयम बिल्डिंग विक्की वीडियो के पास दर्रीपारा कवर्धा में विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर रामनवमी, महावीर जयंती व बैसाखी के पावन अवसर पर आयोजित किया जा रहा है, जिसमें रायपुर और अन्य शहरों के प्रसिद्ध विशेषज्ञ डॉक्टर निःशुल्क परामर्श और इलाज देंगे। हर बीमारी के लिए विशेषज्ञ डॉक्टर, जनता को मिलेगा समग्र स्वास्थ्य लाभ यह शिविर किसी एक बीमारी के लिए नहीं, बल्कि हड्डी रोग, सर्जरी, स्त्री रोग, कैंसर, लिवर और गैस्ट्रो रोग, डायबिटीज, थायराइड, मोटापा, दंत रोग और नेत्र रोग जैसी कई बीमारियों के लिए एक बहुआयामी चिकित्सा समाधान प्रदान करेगा। शिविर में अपनी सेवाएं देने वाले डॉक्टरो जिसमें नील सिंह पसीजा हड्डी रोग विशेषज्ञ, सनी सिंह पसीजा सर्जन, इसप्रीत कौर स्त्री रोग विशेषज्ञ, सुप्रिया गुप्ता कैंसर एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, मनीष लूनिया गैस्ट्रो एवं लिवर रोग विशेषज्ञ, तरुण मिश्रा एमडी (मेडिसिन), सुपर स्पेशलिस्ट डायबिटीज, थायराइड, मोटापा, नवल बैंस दंत रोग विशेषज्ञ, साई बाबा आई हॉस्पिटल, नया राजेंद्र नगर रायपुर नेत्र रोग विशेषज्ञ शामिल है। साथ ही साथ निःशुल्क ब्लड टेस्ट, पांच में से एक जांच मुफ्त शिविर में रेडक्लिफ लैब्स द्वारा ब्लड टेस्ट की सुविधा भी दी जाएगी, जिसमें शुगर, यूरिया, क्रिएटिनिन, कैल्शियम और कोलेस्ट्रॉल में से कोई भी एक जांच पूरी तरह निःशुल्क होगी। यह उन लोगों के लिए विशेष रूप से लाभकारी होगा, जो नियमित रूप से अपनी स्वास्थ्य जांच नहीं करा पाते। वहीं योगी ब्लड बैंक सेंटर के सहयोग से रक्तदान शिविर भी आयोजित किया जाएगा। ब्लड डोनेशन से जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान मिलेगा। आयोजकों ने युवाओं और स्वस्थ व्यक्तियों से रक्तदान करने की अपील की है। साथ ही जो लोग जोड़ों के दर्द, नसों की कमजोरी या अन्य हड्डी-मांसपेशी संबंधी परेशानियों से जूझ रहे हैं, उनके लिए विशेष फिजियोथेरेपी सेवाएं भी इस शिविर में दी जाएगी। कवर्धा जंक्शन ग्रुप का यह प्रयास शहर के लोगों के लिए किसी वरदान से कम नहीं है। आज के दौर में जहां महंगी स्वास्थ्य सेवाएं आम आदमी की पहुंच से दूर होती जा रही हैं, ऐसे में यह निःशुल्क शिविर जरूरतमंदों के लिए राहत भरी खबर है। आयोजकों ने लोगों से अपील की है कि इस खबर को अधिक से अधिक साझा करें, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस शिविर का लाभ उठा सकें। यह स्वास्थ्य शिविर सिर्फ एक चिकित्सा सुविधा नहीं, बल्कि समाज की सेवा का एक बड़ा संकल्प है। यह न सिर्फ मरीजों को राहत देगा, बल्कि रक्तदान, निःशुल्क जांच और जागरूकता के जरिए पूरे समाज को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने का कार्य करेगा।

# पंचमी पर मां महामाया मंदिर कुण्डा में किया भव्य श्रृंगार



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुण्डा

पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत कुण्डा स्थित प्राचीन मंदिर आदि शक्ति मां महामाया मंदिर में मनोकामना जोत प्रज्जवलित की गई है। जिसमें चैत्र नवरात्रि के पंचमी पर मां महामाया मंदिर में विशेष श्रृंगार व पूजा अर्चना की गई। मिली जानकारी के अनुसार मां महामाया मंदिर में व अन्य देवी-मंदिरों में चकमक पत्थर से ज्योत जलाई गई ये परम्परा 300 वर्ष पुरानी है। वहीं आदि शक्ति मां महामाया मंदिर में चैत्र नवरात्रि में 115 तेल एवं 1 घी की मनोकामना ज्योत ज्वारा ज्योति कलश स्थापना की गई है। जिस पर ग्रामवासियों के सहयोग से मंदिर के पुजारी पं नूतन शर्मा, यजमान सरोज चंद्राकर, सुशील चंद्राकर, सूरज चंद्राकर एवं ज्वारा सेवक बाबूजी चंद्राकर व लालू चंद्राकर द्वारा माता रानी की सेवा में जुटे हुए है।

# प्राचार्य ने 84 विद्यार्थियों को स्थायी जाति एवं निवास प्रमाण पत्र का किया वितरण

- स्थायी जाति प्रमाण पत्र मिलने से बच्चे उत्साहित नजर आए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोलेगांव

वनांचल क्षेत्रांतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल में अध्ययनरत 84 छात्र-छात्राओं को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पंडरिया द्वारा जारी किए ऑनलाइन स्थायी जाति प्रमाण पत्र को प्राचार्य संतोष कुमार साहू द्वारा निःशुल्क वितरित किया गया। स्थायी जाति प्रमाण पत्र मिलने से बच्चे बहुत उत्साहित नजर आए। इस संस्था में सोमनापुर नया, करपी कला, डोमनपुर, भरेवापारा, नवांगावं टिकैत, दलपी, नरसिंहपुर, झिरिया कला, बुचीपारा, दलपुरवा, पुतकी खुर्द के विद्यार्थी अध्ययन करने आते हैं। संकुल प्राचार्य संतोष कुमार साहू ने बताया कि अनुसूचित जाति, जनजाति एवं पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, छात्रवृत्ति एवं अन्य शासकीय कार्यो में लाभ लेने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को स्थायी जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता हैं। वहीं स्थायी जाति प्रमाण पत्र अब हाई स्कूल मे भी बनाया जा रहा है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्याख्याता योगेश गुरुदीवान ने कहा कि पढ़ाई एवं अन्य शैक्षिक गतिविधियों के साथ साथ बच्चो को निःशुल्क स्थायी जाति एवं निवास प्रमाण पत्र स्कूलों में मिल रहा है, जो बहुत ही सराहनीय कार्य है। पालकों एवं शाला प्रबंध समिति सदस्यो ने भी प्रसन्नता जाहिर की है। इस सत्र लगभग 84 विद्यार्थियों का स्थायी जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनवाकर वितरण किया गया। प्रतिवर्ष छात्रों से निर्धारित दस्तावेज मंगवाकर स्थाई जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनवाया जाता है। इस कार्य के लिए प्राचार्य संतोष कुमार साहू, शिक्षक योगेश गुरु दीवान, ज्योति ध्रुव, महेन्द्र कंठले, सीएसी शत्रुहन प्रसाद डड़सेना का योगदान रहा।

## निधन : बंशीलाल पाठक



**हरिभूमि पंडरिया।** नगर पंचायत पंडरिया निवासी बंशीलाल पाठक का निधन गुरूवार को दोपहर 3 बजे हो गया। स्व. बंशीलाल पाठक 94 वर्ष के थें। स्व. श्री पाठक का अंतिम संस्कार पंडरिया स्थित मुक्तिधाम में किया गया जिस पर आसपास क्षेत्र के ग्रामीणों ने उपस्थित होकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। वहीं पाठक परिवार में भारी शोक व्याप्त है। स्व. बंशीलाल पाठक हलधर पाठक, टीकाराम, शिव, माधव पाठक के पिता थे।

## किसान राइस मिल परिसर में बनेगा शॉपिंग कॉम्प्लेक्स व मंगल भवन

# कलेक्टर व नपाध्यक्ष ने किसान राइस मिल परिसर का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले का सबसे बड़ा शहर कवर्धा एक समृद्ध कवर्धा, सुव्यस्थित कवर्धा के मॉडल शहर के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस दिशा में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार कार्ययोजना तैयार कर नगर में अनेक निर्माण कार्य प्रारंभ किए जा चुके हैं। शहर के नागरिकों को अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न योजनाओं पर कार्य हो रहा है।

जिले के विकास की गति को तेज करने और जनसुविधाओं को ध्यान में रखते हुए शहर के विध्यवांसिनी मंदिर के पास कई वर्षों से बंद पड़े किसान राईस मील स्थान को एक शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और मंगल भवन के रूप में विकसित करने की योजना बनाई जा रही है। इस स्थान पर कॉम्प्लेक्स और मंगल भवन के निर्माण से शहर के नागरिकों को व्यावसायिक और सामाजिक कार्यक्रमों के लिए बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

जिस पर कलेक्टर गोपाल वर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चन्द्रवंशी ने संयुक्त रूप से किसान राईस मिल परिसर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इस क्षेत्र को सुव्यवस्थित रूप से विकसित करने के लिए विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने कहा कि शहर के मध्य में स्थित इस प्रमुख स्थान का सही उपयोग करके कवर्धा को और अधिक सुसज्जित बनाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस स्थान पर नागरिकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए आधुनिक सुविधाओं से युक्त शॉपिंग कॉम्प्लेक्स और मंगल भवन का निर्माण किया जाए। इन भवनों में व्यापारिक गतिविधियों के लिए दुकानें, कार्यालय और अन्य आधुनिक सुविधाएं शामिल होंगी, जिससे शहर की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

कलेक्टर श्री वर्मा ने नगरपालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को इस योजना के क्रियान्वयन के लिए एक विस्तृत कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना को शीघ्र लागू करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी की जाएं और कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए।



## खबर संक्षेप




### दशरंगपुर में भक्त माता कर्मा की जयंती आयोजित

**कवर्धा।** भक्त माता कर्मा जयंती समारोह मंडल कमेटी दशरंगपुर पनेका के नेतृत्व में भक्त माता की जयंती मनाया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रदेश पदाधिकारी से ग्रामीण अध्यक्ष सभी ग्रामों से सामाजिक बंधु पहुंचकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाए उसके लिए मंडल कमेटी दशरंगपुर पनेका को बहुत बहुत बधाई कार्यक्रम के अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष सीताराम साहू इंदौरी, जिला अध्यक्ष पतिराम साहू कवर्धा, जिला महामंत्री धर्मराज, अशोक साहू, तहसील अध्यक्ष कवर्धा धर्मराज साहू, जिला पंचायत सदस्य वीरेन्द्र साहू, तहसील महामंत्री पंडरिया सुदर्शन साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष इंदौरी खिलेश साहू, जिला युवा संगठन मंत्री दिनेश साहू, मंडल अध्यक्ष मोहन साहू, सचिव भरत साहू, दशरथ साहू समस्त सामाजिक बंधु उपस्थित थे।

### माध्यमिक शाला बोड़ला में करियर गाइडेंस




**बोड़ला।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बोड़ला में परीक्षा के पश्चात छात्रों के लिए कैरियर गाइडेंस कार्यक्रम आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को बताया गया कि छात्र जीवन में प्रतियोगिता हमेशा बनी रहती है और इस प्रतियोगिता में अपने आप को अव्वल कैसे रखा जाए? इसका मंत्र बताया गया। वैसे प्रतियोगी परीक्षा कक्षा पांचवी नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा से प्रारंभ हो जाता है और यह निरंतर कक्षा के अनुसार प्रयास विद्यालय, उत्कृष्ट विद्यालय, एकलव्य विद्यालय केन्द्रीय विद्यालय चयन परीक्षा तक ही सीमित नहीं है, आगे 10 वीं और 12 वीं स्तर पर भी पीपीटी, पीईटी, पीएटी, नीट आदि प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए नींव, मिडिल स्कूल से ही प्रारंभ होता है। शिक्षिका श्रीमती उमा विश्वकर्मा ने बताया कि टाइम मैनेजमेंट से ही जीवन में आने वाले सभी प्रतियोगिताओं को क्वालीफाई किया जा सकता है। शिक्षक पूनाराम पनागर ने ज्ञान को सुदृढ़ता प्रदान करने के लिए डेली लेखन पर छात्रों को केन्द्रित किया। वहीं संस्था प्रधान हेम कुमार साहू और शिक्षक कृष्ण कुमार धुर्वे ने छात्रों को शुभकामनाएं दी।

### सीनियर छात्र-छात्राओं को दी गई विदाई



**पंडरिया।** ब्लाक के ग्राम डोमसरा स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में शुक्रवार को जूनियर छात्र-छात्राओं ने सीनियर छात्र-छात्राओं को विदाई दी। जूनियर छात्र छात्राओं ने सीनियर छात्रों ने का तिलक लगाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि सरपंच प्रतिनिधि संतोष सोयाम,पूर्व सरपंच अनिल पटेल व एसएमसी अध्यक्ष घांसी राम पटेल ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि 8 वी कक्षा के बाद पढ़ाई का दूसरा चरण पार कर लिए हैं।अगले कक्षा में जाने के लिए अब कक्षा आठवी के विद्यार्थियों को विद्यालय छोड़ना पड़ेगा। पढ़ाई जीवन के आठ वर्ष विद्यालय प्रांगण में बिता है। जहां शिक्षकों के देखरेख में अच्छी शिक्षा प्राप्त की है। उन्होने कहा कि विद्यालय में प्राप्त शिक्षा के अनुरूप अन्य विद्यालय में जाने पर भी गांव व विद्यालय का नाम आगे बढ़ाएंगे। संकुल समन्वयक ईश्वर तिवारी, प्रधान पाठक मोहन राजपूत व कुमुदिनी तिवारी ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि विदाई एक परंपरा है। विदाई में सुख एवं दुख दोनों की अनुभूति होती है। विदाई कार्यक्रम के दौरान न्यौता भोज का आयोजन भी किया गया। विद्यालय के प्रधान पाठिका कुमुदिनी तिवारी ने न्यौता भोज का आयोजन किया था। जिसमें चांवल, दाल, सब्जी के अलावा खीर, पूड़ी परोसा गया।

**मांग:** आरोपी पर पीड़िता ने लगाए कई गंभीर व संगीन आरोप, पुलिस प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

# पीड़िता ने अपनी मां की हत्या करने वाले के लिए मांगी फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

प्रेमी द्वारा अपनी प्रेमिकी की मां की हत्या किए जाने के मामले में अब प्रेमिका ने प्रेमी को फांसी की सजा दिए जाने की गुहार लगाई है। वहीं प्रेमिका ने एएसपी से मुलाकात कर तथा एक ज्ञापन सौंपकर आरोपी पर कई गंभीर आरोप भी लगाए है और अपनी तथा अपने भाई की सुरक्षा की मांग की है। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय कवर्धा स्थित गोदना रिसॉर्ड के पास बीते 10 मार्च को एक बीमार महिला बिंदिया बाई वैष्णव आयु 50 वर्ष की लोहे की रॉड मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंची कवर्धा पुलिस ने हत्या के आरोप में मृतिका की पुत्री के प्रेमी मो.कासिम खान उर्फ मक्खी पिता मुनीर खान निवासी कवर्धा को गिरफ्तार किया था। लेकिन अब इस मामले में पीड़िता ने बड़ा खुलासा किया है। गत दिनो पीड़िता द्वारा पुलिस प्रशासन को सौंपे गए ज्ञापन में आरोप लगाया है कि आरोपी उसे डरा धमका कर उसका यौन शोषण करता था। जिसका उसने वीडियो भी बनाया है। जिसके आधार पर वह उसे देह व्यापार में धकेलने की कोशिश करता रहा है। पीड़िता ने पुलिस प्रशासन के समक्ष यह भी कहा कि आरोपी कई अपराध कर चुका है और इन आरोपों से बचने के लिए उसने मानसिक रोगी का फर्जी सर्टिफिकेट बना रखा है। इसके आधार पर वह बार-बार अपराध कर जमानत पर छूट जाता है। पीड़ित युवती ने कहा कि मेरी मां की हत्या के मामले में आरोपी अभी गिरफ्तार है। उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।

### विश्व हिन्दू परिषद आया पीड़िता के साथ



इस मामले में अब विश्व हिंदू परिषद भी पीड़िता के साथ खड़ा हो गया है। विश्व हिन्दू परिषद के अध्यक्ष कैलाश शर्मा, ने पीड़िता के हवाले से बताया कि आरोपी ने महिला को ब्लैकमेल कर शारीरिक संबंध बनाया। इसके साथ ही उसका धर्मांतरण करने की कोशिश की है। पूरा मामला लव जेहाद, लैंड जिहाद से जुड़ा है, विहिप का आरोप है कि मामले में कुछ पुलिसकर्मी ने जांच को प्रभावित करने का प्रयास किया है, ऐसे अधिकारी के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए।

### की जा रही है मामले की सूक्ष्म जांच

अपनी मां की हत्या के आरोपी और यौन शोषण के आरोपी के खिलाफ एक युवती ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। इस केस में एसपी लेवल के अधिकारी के तरफ से जांच की जा रही है। जांच में जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

**पुष्पेन्द्र बघेल, एएसपी कवर्धा**

# बेटे ने बाप को उतारा मौत के घाट, कुल्हाड़ी से गर्दन पर किया वार

- पत्नी के चरित्र पर करता था आरोपी शंका, पिता के समझाने पर कर दी पिता की हत्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶चिल्फीघाटी



जिले के चिल्फीघाटी थाना क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर परिवारिक विवाद के बीच एक ग्रामीण ने अपने ही पिता पर कुल्हाड़ी से प्राणघातक हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची चिल्फी पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिल्फीघाटी थाना क्षेत्र के ग्राम चिल्फी बंगला टिकरा का निवासी संतोष यादव अपनी पत्नी सुनीता यादव के चरित्र पर शंका करता था। बताया जाता है कि इस बात को लेकर वह अक्सर अपनी पत्नी के साथ मारपीट और वाद विवाद करता रहता था। शुक्रवार की दोपहर करीब 3.00 बजे भी संतोष अपने घर पर ही इसी बात को लेकर अपनी पत्नी से विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट कर रहा था। जिसे देख संतोष के पिता पंचलाल आयु 65 वर्ष बीच बचाव करते हुए अपने बेटे को मारपीट करने से मना कर रहे थे। लेकिन संतोष को अपने पिता की यह दखलअंदाजी नगवार गुजरी और उसने अपना आपा खोते हुए पास ही रखी कुल्हाड़ी से अपने बुजुर्ग पिता के सिर और गर्दन में प्राणघातक प्रहार कर दिया। जिससे पंचलाल की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। बाद में इस घटना की जानकारी लोगों ने चिल्फी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर फौरी कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के विरूद्ध धारा 296,115(3) 103(1) और बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# मातृशक्ति धर्म जागरण समिति ने निकाली चुनरी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा




नवरात्र का पर्व भारतीय संस्कृति में बड़ा स्थान रखता है। यह नौ रातों का उत्सव देवी दुर्गा की आराधना के लिए मनाया जाता है। इस अवधि में श्रद्धालु देवी के प्रति अपनी भक्ति प्रदर्शित करते हैं। कवर्धा नगर में इस नवरात्र उत्सव के दौरान महिलाओं ने चन्नी यात्रा का आयोजन किया। इस वर्ष नगर में प्रथम बार चुनरी यात्रा का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज जागरण और धार्मिक भावना को बढ़ावा देना है। कवर्धा नगर के श्री राम जानकी प्रभु देवालय परिसर से महामाया के चरणों में चुनरी समर्पित की गई। यह यात्रा मातृशक्ति द्वारा आयोजित की गई थी, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मातृशक्ति धर्म जागरण की जिला संयोजिका नम्रता सुरेश मोदी, सहसंयोजक अंजू अनीता धुर्वे, मंजू उषा उत्तरा, तथा अन्य मातृ शक्तियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रांत संयोजक पूर्णेन्द्र, प्रांत प्रमुख राजकुमार चंद्र, जिला संयोजक राजकुमार यादव और नगर अध्यक्ष चंद्र प्रकाश चंद्रवंशी ने भी इस पवित्र अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

# मनरेगा के मजदूरों को अब मिलेंगे 261 रुपए

- अकुशल श्रमिकों के मजदूरी दर में हुई बड़ी वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना अंतर्गत कार्य करने वाले पंजीकृत अकुशल श्रमिकों को 1 अप्रैल 2025 से 261 रुपए का मजदूरी भुगतान किया जाएगा। इस संबंध में केंद्र सरकार द्वारा मजदूरी दरो में वृद्धि की अधिसूचना जारी की गई है जो तत्काल प्रभाव से जिला कबीरधाम में भी लागू किया गया है। मजदूरी दर में हुई वृद्धि के संबंध में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कबीरधाम अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि भारत सरकार द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजना में कार्य करने वाले श्रमिकों के लिए पूरे देश में नई अकुशल दरो की घोषणा की गई है। इसी क्रम में राज्य के पंजीकृत अकुशल श्रमिकों को भी इसका बड़ा फायदा मिलेगा। ज्ञात हो कि मनरेगा अंतर्गत बड़ी संख्या में जिले के ग्रामीण मजदूरी मूलक कार्य में नियोजित किए जाते हैं जिन्हें प्रतिदिन के हिसाब से मजदूरी भुगतान किया जाता है। दिए गए टास्क के आधार पर कार्य के दौरान प्रत्येक सप्ताह मजदूरी भुगतान श्रमिकों के बैंक खाते में सीधे जारी किया जाता है। ज्ञात हो की इसके पहले 243 रुपए प्रतिदिन मजदूरी भुगतान होता था जिसमें भारत सरकार द्वारा बड़ी वृद्धि करते हुए 261 रुपया कर दिया गया है। मजदूरी भुगतान में वृद्धि होने से ग्रामीण परिवारों को सीधे आर्थिक लाभ होगा।

### कवर्धा में डाकघर का नहीं है भवन, सांसद ने लोकसभा में उठाया मुद्दा



**कवर्धा।** राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने कवर्धा में डाकघर हेतु भवन नहीं होने को लेकर लोकसभा में प्रमुखता से मुद्दा उठाया। उन्होंने कवर्धा में डाकघर हेतु भवन निर्माण के लिए शीघ्र राशि स्वीकृत करने की मांग सदन में की। सांसद संतोष पाण्डेय ने लोकसभा में अपनी बात रखते हुए कहा कि कवर्धा का मुख्य डाकघर पिछले लगभग 60 वर्षों से किराए के भवन में संचालित हो रहा है। वर्तमान में डाकघर का कार्यालय छीरपानी कॉलोनी में स्थित आरटीओ कार्यालय के ऊपर स्थित है, जहां हर महीने में 8,130 किराया चुकाना पड़ता है। कबीरधाम जिले में 98 शाखा डाकघर संचालित हैं, लेकिन जिला मुख्यालय में स्थित मुख्य डाकघर खुद अस्थायी ठिकाने पर है। जानकारी अनुसार डाकघर के भवन निर्माण के लिए आदर्श नगर में 26 डिसमिल जमीन आवंटित भी की गई है। लेकिन यहां अब तक भवन निर्माण नहीं हो पाया है। इससे कार्यालय के संचालन में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि 1 अक्टूबर 1854 को भारतीय डाक विभाग की स्थापना हुई, जिसे भारतीय डाक सेवा की शुरुआत माना जाता है। अष्टराज अंभोज(1925)में उल्लेख है कि कवर्धा राज्य के कवर्धा और दशरंगपुर में डाक घर का उल्लेख है। साथ ही बजट में सन 1888 में डाक तार की व्यवस्था के लिए राशि रखी गई थी। अर्थात कवर्धा में 137 सालों से डाक व्यवस्था चल रही है। लेकिन आज तक इसके लिए भवन का निर्माण नहीं हो पाया है। सांसद पांडेय ने कवर्धा में मुख्य डाकघर के संचालन हेतु शीघ्र भवन निर्माण के लिए स्वीकृति प्रदान करने की मांग सदन के समक्ष की। ताकि डाकघर का व्यवस्थित संचालन हो सके और जिलेवासियों को सुविधा मिले सके।

# जानकी रमण मंदिर में राम जन्मोत्सव की भव्य तैयारी

## धर्मनगरी कवर्धा में गूंजेगा जय श्रीराम

- मंदिर समिति द्वारा की जा रही है आयोजन की जोरदार तैयारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा





हर साल चैत्र नवरात्रि का आगमन रामभक्ति की अलख लेकर आता है, लेकिन इस वर्ष की रामनवमी कवर्धावासियों के लिए और भी खास है। 30 मार्च 2025 से शुरू हुई चैत्र नवरात्रि का समापन 6 अप्रैल, रविवार को रामनवमी के साथ होगा और यह वही शुभ दिन है जब भगवान श्रीराम ने धरती पर अवतार लिया था। यह अयोध्या के भव्य श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद दूसरी रामनवमी है, लेकिन श्रद्धा, उल्लास और उत्साह में यह किसी पहले उत्सव से कम नहीं होने जा रही। धर्मनगरी कचहरीपारा स्थित श्री जानकी रमण प्रभु देवालय में इस दिन को यादगार बनाने के लिए तैयारियां ज़ोरों पर हैं। शंकराचार्य जनकल्याण न्यास के ट्रस्टी चंद्रप्रकाश उपाध्याय कहते हैं रामनवमी केवल एक पर्व नहीं, यह धर्म और मर्यादा के प्रतीक भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का दिन है। इस बार की रामनवमी को हमने एक उत्सव नहीं, बल्कि एक अवसर माना है। प्रभु श्रीराम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने का। रामनवमी के दिन प्रभु के दर्शन के लिए सुबह से ही मंदिर में भक्तों की भीड़ उमड़ती है। इस बार न सिर्फ विशेष पूजन और भजन-कीर्तन होंगे, बल्कि युवाओं द्वारा निकाली जाएगी भगवा बाइक रैली। जो कवर्धा की गलियों को राममय बना देगी। वहीं प्रभु जानकी रमण देवालय को इस बार कोलकाता से मंगाए गए विशेष रंग-बिरंगे फूलों से सजाया जाएगा। मंदिर की सजावट ऐसी होगी कि श्रद्धालु जैसे ही प्रवेश करें, उन्हें स्वर्गिक अनुभूति हो।

### भगवान रामलला का होगा भव्य श्रृंगार, मालपुआ व पंजरी का लगेगा भोग

राम जन्म के उपलक्ष्य में रामलला का भव्य श्रृंगार किया जाएगा। स्वर्णाभूषणों से अलंकृत रामलला को प्रिय भोग मालपुआ और पंजरी अर्पित किए जाएंगे। इसके बाद भव्य आरती के साथ प्रसाद वितरण होगा। रामनवमी पर कवर्धा की हवा भी बदली-बदली सी होगी। हर गली, हर चौक, हर दरवाजा भगवा रंग में रंगा दिखेगा। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई प्रभु के प्रकट्य दिवस पर एक साथ जय श्रीराम कहेगा। पूरे आयोजन को भव्य रूप देने के लिए मंदिर समिति दिन-रात जुटी हुई है। समिति के पदाधिकारी संतोष कुमार चौबे (अध्यक्ष), अजय गुप्ता (उपाध्यक्ष), संतोष सोनी (सचिव), वेद प्रकाश श्रीवास्तव (कोषाध्यक्ष), संजय दुबे सहित सभी पुजारीगण व सदस्यगण इस आयोजन को ऐतिहासिक और भव्य स्वरूप देने में लगे हैं।

**वनांचल ग्राम अमलीटोला (बदना) में आयोजित किया गया मड़ई-मेला का आयोजन**

# मड़ई मेला प्राचीन लोक-संस्कृति व परंपराओं की अनमोल धरोहर: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुई-कुकदुर



पंडरिया विधानसभा के वनांचल ग्राम अमलीटोला (बदना) में शुक्रवार को मंडई-मेला का आयोजन समिति द्वारा किया गया साथ ही छत्तीसगढ़ी कलाकार ऊगती के सुरज की प्रस्तुती भी दी गई। इस कार्यक्रम में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। उन्होने कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामवासियों को संबोधित कर बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आतिथ्य सत्कार के लिए मैं समस्त ग्रामवासियों का आभार व्यक्त करती हूं। मंडई-मेला हमारे छत्तीसगढ़ की प्राचीन लोकसंस्कृति और परम्पराओं की अनमोल धरोहर है। ऐसे आयोजन न सिर्फ हमें आपसी मेलजोल का अवसर देते हैं बल्कि हमारी परंपरा व लोककला को भी जीवंत रखते हैं। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के कुशल नेतृत्व में हमारी संस्कृति व परंपरा को सहेजने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं वहीं हमारे ग्रामीण क्षेत्रों के विकास, जनसुविधाओं के विस्तार हेतु भी डबल इंजन भाजपा सरकार प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। इस अवसर पर क्षेत्र क्रमांक-1 के जिला सदस्य श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। साथ ही आसपास के जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

# क्रमोन्नति व समयमान को लेकर जिले के शिक्षक उत्साहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

वेतन विसंगति को लेकर विगत कई वर्षों से संघर्ष कर रहे जिले के शिक्षकगण क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान को लेकर उत्साहित नजर आ रहे हैं। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में जिले के कई शिक्षकों ने एक साथ जिला पंचायत में क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान से संबंधित अपना आवेदन जमा किया।

आवेदन जमा करने के बाद जिलाध्यक्ष श्री चन्द्रवंशी ने बताया कि पंचायत या पंचायत व शिक्षा विभाग की सेवा को मिलाकर एक ही पद में दस साल तक कार्य करने वाले जिले के शिक्षक एलबी संवर्ग से पांच अप्रैल तक आवेदन जमा करने कहा गया था, लेकिन पांच अप्रैल को शनिवार होने के कारण कार्यालय बंद रहेगा। अतः बचे हुए शिक्षकगण अपना क्रमोन्नति व समयमान वेतनमान के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन को सात या आठ अप्रैल तक जरूर जमा करें।

उन्होंने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ शासन सामान्य प्रशासन विभाग, वित्त एवं योजना विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग से क्रमोन्नति व समयमान प्रदान करने के संबंध में अलग-अलग पत्र जारी हुआ है, लेकिन विभागीय अधिकारी कुछ न कुछ पेंच फंसाकर शिक्षक एलबी संवर्ग को क्रमोन्नति व समयमान से वंचित करते आए हैं।

बिलासपुर उच्च न्यायालय के डबल बैंच द्वारा 28 फरवरी 2024 के निर्णय के अनुसार दस वर्ष में प्रथम व बीस वर्ष में द्वितीय क्रमोन्नत वेतनमान देने का उल्लेख है, जिससे शिक्षक एलबी संवर्ग उत्साहित हैं।